संख्या-18/826/41-2014-62 यो0/2012

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक:: 29 मार्च, 2014

विषय: राज्य सेक्टर के अन्तर्गत जनपद मथुरा में स्थित गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर सुलभ शौचालय की योजना हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या-1743/6-1-1 (मथुरा)/2012, दिनांक-17.12.2012 एवं पत्र संख्या-3046/6-1-1 (बजट)/2013-14, दिनांक-16.01.2014 तथा पत्र संख्या-3563/6-1-1 (बजट)/2013-14, दिनांक-26.03.2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 में राज्य सेक्टर के अन्तर्गत जनपद मथुरा में स्थित गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर सुलभ शौचालय की योजना हेतु कार्यदायी संस्था सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाईजेशन द्वारा गठित आगणन के परीक्षणोपरान्त आंकलित लागत रू0-297.79 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति एवं रू0-119.12 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-2654/41-2012-62 यो0/12, दिनांक-30.03.2013 द्वारा प्रदान की गयी थी। चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में अवशेष धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में रू0-50.00 लाख की धनराशि शासनादेश संख्या-228/41-2014-17 यो0/2013, दिनांक-04.03.2014 द्वारा स्वीकृत की गयी थी। अवशेष धनराशि रू0-128.67 लाख के सापेक्ष तृतीय किश्त के रूप में रू0-100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की धनराशि पुनर्विनियोग द्वारा स्वीकृत कर आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति निम्निलखित शर्तो के अधीन प्रदान करते हैं:-

http://shasanadesh.up.nic.in

1- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय नियमानुसार सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2- स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापित नहीं किया जायेगा।
3- यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
4- कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति की सूचना व उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

3. उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखा शीर्षक-5452-आयोजनागत-01-पर्यटन अवसंरचना-800-अन्य व्यय-04-पर्यटन विकास हेतु जनपद कुशीनगर में सार्वजनिक सहभागिता से अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना-24-वृहत निर्माण कार्य मद की धनराशि से संलग्न विवरण के अनुसार पुनर्विनियोग द्वारा लेखा शीर्षक-5452-आयोजनागत-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-14-ऐतिहासिक/पौराणिक स्थलों पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का विकास-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग की आशासकीय संख्या-518-ई-7/दस-2014 दिनांक-29 मार्च, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

<u>संलग्नक:-यथोक्त।</u>

भवदीय,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

<u>संख्या-18/ 826(1)/41-2014 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ (संलग्नक सहित)।
3. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6. सम्बन्धित क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी।
7. सम्बन्धित कार्यदायी संस्था-सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाईजेशन, लखनऊ।
8. श्री राजा राम, वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

पुनर्विनियोग के लिए आवेदन/स्वीकृति

(सन्दर्भ बजट मैनुअल का प्रस्तर- 158)

(इस प्रपत्र को भरने से पूर्व पीछे छपे अनुदेशों को भली भॉति देख लिया जाय)

अनुदान संख्या व नाम-44-पर्यटन विभाग **वित्तीय वर्ष 2013-14** **(धनराशि हजार रूपये में)**

निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जाएगा		निम्नलिखित निधियों में प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जाएगा	
लेखा शीर्षक (15 डिजिट कोड में) आयोजनागत	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान/ विनियोग	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पश्चात शेष अनुदान/ विनियोग (2-5)	लेखा शीर्षक (15 डिजिट कोड में) आयोजनेत्तर	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध अनुदान/वि नियोग	वित्तीय वर्ष में प्रत्याशित कुल व्यय	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि (9-8)	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पश्चात उपलब्ध अनुदान/वि नियोग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-01-पर्यटन अवसंरचना-800-अन्य व्यय-04-पर्यटन विकास हेतु जनपद कुशीनगर में सार्वजनिक सहभागिता से अर्न्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना-25 वृहद् निर्माण कार्य	10000	10000	10000	10000	-	5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-14-ऐतिहासिक/पौराणिक स्थलों पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का विकास-24 वृहद निर्माण कार्य	205501	215501	10000	10000	215501
	10000	10000	10000	10000	-		205501	215501	10000	10000	215501

http://shasanadesh.up.nic.in

1- स्तम्भ -3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है:- इस मद में कुल रू0-100.00 लाख का प्राविधान चालू वित्तीय वर्ष के आय-व्ययक में किया गया है, जिसमें पर्याप्त धनराशि स्वीकृत न होने के कारण सम्प्रति हो रही है।

2- स्तम्भ -8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ-9 में अंकित व्यय निम्नलिखित कारणों से है- जनपद मथुरा में स्थित गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर सुलभ शौचालय की योजना हेतु अपेक्षित धनराशि की स्वीकृति हेतु अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है।

3- प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-150, 151 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लघंन नहीं होता है।

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव
पर्यटन विभाग

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- आरई0-728/ई-7-(1)/दस-2014, दिनांक-29 मार्च, 2014

सेवा मे,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

अरूण कुमार दुबे
अनुसचिव,
वित्त विभाग।

संख्या- 826 (2)/41-2014 दिनांक- 29 मार्च, 2014

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महानिदेशक पर्यटन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4.
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (तीन प्रतियों में)

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in